# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर (म.प्र.)

**secdlsanrp@mp.gov.in , 07792-292166**

क्रमांक 01/स्था./वाहन चालक–17/507/20 नरसिंहपुर दिनांक 30/04/2026

**//भर्ती विज्ञप्ति//**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा निर्देशित एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के पत्र क्रमांक 126/2026 दिनांक 09.04.2026 के परिपालन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुदान अंतर्गत बहुउपयोगी वाहन के लिए संविदा आधार पर एक वाहन चालक की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्रं. | विवरण | प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि | 04.05.2026 |
| 2. | आवेदन करने की अंतिम तिथि | 30.05.2026 |
| 3. | आवेदन पत्रों की छटनी पश्चात् साक्षात्कार परीक्षा के योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की सूची जारी करने की तिथि संबंधी सूचना | डाक एवं अधिकृत वेबसाईट के माध्यम से सूचित किया जाएगा। |
| 4. | साक्षात्कार परीक्षा एवं व्यवहारिक ड्रायविंग परीक्षा दिनांक | डाक एवं अधिकृत वेबसाईट के माध्यम से सूचित किया जाएगा। |

**पदनाम, मानदेय और अर्हतायें:–**

| संविदा पद | स्वीकृत पद की संख्या | मानदेय | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|
| वाहन चालक (संविदा आधार पर नियुक्ति) | 01 | 12,000/–रूपये प्रतिमाह | 01. मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास हो।<br>02. वैध ड्राइविंग लाईसेंस हो।<br>03. समस्त प्रकार के वाहनों को चलाने का अनुभव हो।<br>04. ऐसे अभ्यर्थी जो योग्य मैकेनिक (आटोमोबाइल) है, उन्हें वरीयता दी जावेगी। |

01– यह संविदा नियुक्ति हेतु अनुबंध प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतरता की आवश्यकता के आधार पर तत्पश्चात् एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा। संविदा अवधि के पश्चात् नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

02– संविदा चालक की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताये एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा

सकेगी। संविदा वाहन चालक भी एक माह का पूर्व नोटिस देकर या एक माह के वेतन के बराबर राशि जमा किया जाकर त्यागपत्र दे सकेगा।

03— संविदा चालक के कार्यों की समीक्षा समय—समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जावेगा और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरन्तरता या विस्तार को समाप्त किया जा सकेगा।

04— उक्त संविदा पद के लिये आयु सीमा (दिनांक 01.01.2026 की स्थिति में) न्यूनतम आयु 18 वर्ष आयु पूर्ण होना आवश्यक है एवं अधिकतम आयु सीमा विज्ञप्ति दिनांक को 35 वर्ष है।

अतः इच्छुक आवेदकगण उक्त योजना विज्ञापन एवं दिशा—निर्देशों के आलोक में अपना स्व—हस्ताक्षरित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरा जाकर घोषणा पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित अंतिम तिथि 30.05.2026 तक कार्यालयीन समय सायं 05:00 बजे के पूर्व आवश्यक रूप से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर को संबोधित करते हुए पताः ए.डी.आर.सेंटर, पुराना जिला न्यायालय परिसर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर म.प्र. पिन कोड—487001 पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला न्यायालय नरसिंहपुर की अधिकारिक बेवसाईट पर उपलब्ध है इच्छुक अभ्यर्थी उसे डाउनलोड कर सकते है। इसके अतिरिक्त आवेदन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए.डी.आर. सेंटर जिला न्यायालय परिसर नरसिंहपुर के नोटिस बोर्ड एवं कार्यालय से भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है।

**जिला न्यायालय नरसिंहपुर की अधिकृत बेबसाईट की लिंक—**

**https://district.mphc.gov.in/en/recruitment-result**

**https://narsinghpur.dcourts.gov.in/notice-category/recruitments/**

30/04/2026

(दिनेश मीणा)
सचिव / न्यायाधीश
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
नरसिंहपुर (म.प्र.)

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर

***बहुउपयोगी वाहन हेतु संविदा आधार पर वाहन चालक हेतु आवेदन–पत्र***

आवेदन क्रमांक......................../2026 नरसिंहपुर, दिनांक.................... **(कार्यालयीन उपयोग हेतु)**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)<br><br>(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | **रंगीन स्वहस्ताक्षरित फोटो** |
| 02. | पिता/पति/का नाम | |
| 03. | जन्मतिथि<br>(प्रमाण–पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 04. | 01.01.2026 को आयु | वर्ष............माह.........दिवस......... |
| 05. | लिंग (स्त्री/पुरूष/अन्य) | |
| 06. | श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि. वर्ग (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | |
| 07. | विवाहित/अविवाहित | |
| 08. | शैक्षणिक योग्यता (10वीं की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 09. | रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक (यदि हो तो पंजीयन की स्वसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 10. | स्थायी निवास का पता (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 11. | पूर्व कार्य/सेवा अनुभव/विशेष योग्यता विवरण<br>(यदि हो तो अनुभव प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 12. | आधार संख्या (स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 13. | पेनकार्ड संख्या (स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 14. | ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर (लाइसेंस स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 15. | यदि आवेदक को न्यायालय प्रकरण में दोषसिद्ध या गिरफ्तार किया गया हो या न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण | |
| 16. | मैकेनिक योग्यता<br>(समर्थन में कोई दस्तावेज हो तो संलग्न करें) | |

# / / स्व–घोषणा / /

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है (आपराधिक प्रकरण लंबित होने की दशा में उसके संबंध में आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त) और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी प्रकरण में संलिप्त या संबंधित हूँ और न ही गिरफ्तार किया गया है। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपयुक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है और मेरे द्वारा साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित नहीं होने की दशा में मुझे साक्षात्कार में उपस्थित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रकिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान......................

हस्ताक्षर –

दिनांक.............................

नाम –

मोबाईल नम्बर –

संलग्नक का विवरण...................

ई–मेल आई.डी.–